कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड
विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल, सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून– 248001
फोन न0 (0135) – 2713760, 2713551
फैक्स न0 (0135) – 2713724

सख्याः 1564 /XXV–(P-7)/2008 देहरादूनः दिनाक 30 मार्च, 2019.

सेवा में,

समस्त लोक सूचना अधिकारी,
जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय
उत्तराखण्ड।

विषयः– **सूचना के अधिकार के अन्तर्गत चाही गयी सूचनाओं से संबंधित आवेदन पत्र का हस्तान्तरण।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक अनु सचिव एवं लोक सूचना अधिकारी, राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड के पत्र संख्या–2313/रा0नि0आ0–1/2588/2019 दिनांक 26 मार्च, 2019 के साथ संलग्न श्री एस0के0 अवस्थी, किशनपुर (वकील फार्म) किच्छा, उधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड के प्रार्थना पत्र दिनांक 19/03/2019 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से उनके द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत सूचना उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया है, की प्रति इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि आवेदक द्वारा चाही गयी वांछित सूचना आपके कार्यालय के संबंधित है, जिसे सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 की धारा 6 (3) के अन्तर्गत अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु हस्तान्तरित किया जा रहा है।

अतः कृपया नियमानुसार अपने से संबंधित वांछित सूचना आवेदक को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्न–यथोपरि।

भवदीय,

(डी0पी0डंगवाल)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी

संख्या 1564 /XXV–12(1–5)/2008, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि श्री एस0के0 अवस्थी, किशनपुर (वकील फार्म) किच्छा, उधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड पिन– ... को सूचनार्थ प्रेषित।

((डी0पी0डंगवाल)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी

प्राप्त–2713/19

सत्यमेव जयते

राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड

निर्वाचन भवन, लाडपुर, मसूरी बाईपास, रिंग रोड, देहरादून।

दूरभाष : 0135–2673011, 2671671 टैलीफैक्स : 0135–2670998, 2678945 E-Mail : sec.uttarakhand@gmail.com

संख्या–2513 /रा0नि0आ0–1/2588/2019 दिनांक 26 मार्च, 2019

सूचना के अनुरोध को दूसरे प्राधिकारी को हस्तातंरण के लिए प्रपत्र

लोक सूचना अधिकारी/
अनुभाग अधिकारी,
कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड,
सचिवालय परिसर, देहरादून।

श्री एस0के0 अवस्थी, किशनपुर (वकील फार्म) किच्छा, ऊधमसिंहनगर, उत्तराखण्ड–263148 का सूचना का अनुरोध पत्र दिनांक 19.03.2019 जो राज्य निर्वाचन आयोग में दिनांक 25.03.2019 को प्राप्त हुआ है, की छायाप्रति आपको इस आशय से प्रेषित है कि उक्त अनुरोध–पत्र में मांगी गयी सूचना जो आपके विभाग से संबंधित है। कृपया अनुरोधकर्ता को अपने स्तर से नियमानुसार सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

इस पत्र की एक प्रति अनुरोधकर्ता को सूचनार्थ प्रेषित की जा रही है।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,
26/3/19
(बी0पी0कोठारी)
अनु सचिव/
लोक सूचना अधिकारी।
मो0नं0–7534820707

संख्या– /रा0नि0आ0–1/2566/2019 तद्दिनांक।(पंजीकृत)

प्रतिलिपिः– श्री एस0के0 अवस्थी, किशनपुर (वकील फार्म) किच्छा, ऊधमसिंहनगर, उत्तराखण्ड। पिनः–263148 को सूचनार्थ।

(बी0पी0कोठारी)
अनु सचिव /
लोक सूचना अधिकारी।

1033
25/3/19

दिन क: 19/03/2019

सेवा में,
राज्य निर्वाचन आयोग
देहरादून

विषय: चुनाव के समय पुलिस द्वारा शस्त्र जमा कराने के सम्बन्ध में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्रदान करें

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय पर निम्न बिन्दुओं पर जानकारी दें:

1) चुनाव के समय जनता को स्वयं रक्षा के लिए प्रदान किये गए शस्त्र किस क़ानून के तहत जमा कराए जाते हैं। कृपया नियम की कॉपी प्रदान करें।
2) चुनाव के समय जनता पूर्ण रूप से निशस्त्र हो जाती है, ऐसे में जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी है, जबकि पुलिस बल एवं अधिकारी चुनाव में व्यस्त होते हैं। लोगोंको सुरक्षा देने की कानूनी व्यवस्था की जानकारी प्रदान करें।
3) चुनाव के समय प्रशासन अमला चुनाव आयोग के अधीन होता है, सारे क्षेत्र में धारा 144 लगी होती है, सुरक्षा के लिए प्रदान कए गए असलहे जमा हो जाते हैं। जनता के बीच के नामी-गिरामी लोग 107/116 में जमानत पर होते हैं. ऐसी स्थिति में जनता की सुरक्षा पूर्णतः भगवान भरोसे है। कृपया सूचित करें कि कानून के किस प्रावधान पर जनता की सुरक्षा का जिम्मा है।
4) उपरोक्त विषय पर कृपया सूचित करें कि आप के द्वारा कौन से दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इस सम्बन्ध में दिए गए आदेशों की प्रति प्रदान करें।

धन्यवाद।

भवदीय

एस. के. अवस्थी
क़िशनपुर (वकील फ़ार्म)
किच्छा, ऊधम सिंह नगर
उत्तराखंड-263148

(रोशन लाल)
सचिव
राज्य निर्वाचन आयोग,
उत्तराखण्ड 25-3-19

(बी० पी० कोठारी)
अनु सचिव
राज्य निर्वाचन आयोग
उत्तराखण्ड
25/3/19

संलग्न: रू.10/- पोस्टल आर्डर नं. 46F 345223

Received
26/3/19